# 5 आसान स्टेप्स में अपनी फिज़िकल सिम को eSIM में बदलें या जियो eSIM को एक डिवाइस से मोटोरोला डिवाइस में ट्रांसफर करें

कृपया ध्यान दें : अपनी मोटोरोला डिवाइस पर eSIM को एक्टिवेट करने के लिए सभी 5 स्टेप्स को पूरा करना ज़रूरी है

कृपया किसी भी स्टेप को छोड़ें या टालें नहीं

| स्टेप1 | | स्टेप2 | | स्टेप3 | | स्टेप4 | | स्टेप5 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| SMS के माध्यम से eSIM रिक्वेस्ट शुरू करें | → | SMS द्वारा eSIM नंबर भेजें | → | SMS के माध्यम से अपनी सहमति दें | → | IVR पर eSIM रिक्वेस्ट की सहमति दें | → | एक्टिवेशन कोड का उपयोग करके eSIM को कॉन्फ़िगर करें |

यदि आप eSIM को मौजूदा डिवाइस से मोटोरोला डिवाइस में ट्रांसफर करना चाहते हैं, तो आपके पास SMS के माध्यम से eSIM रिक्वेस्ट शुरू करने के लिए आपकी एक्टिव eSIM डिवाइस होनी चाहिए।


यदि आपके पास अपनी एक्टिव जियो eSIM डिवाइस नहीं है,
चिंता न करें, आप eSIM सेवाओं को एक्टिव करने के लिए नई मोटोरोला डिवाइस के साथ किसी भी पहचान के प्रमाण के साथ निकटतम जियो स्टोर पर जा सकते हैं

eSIM प्रक्रिया शुरू करने के लिए, कृपया सुनिश्चित करें कि आपके पास


1. एक eSIM कम्पैटिबल डिवाइस है
और
2. आपकी ईमेल आईडी आपके जियो नंबर के साथ रजिस्टर्ड है

# यह जांचने के लिए कि आपकी डिवाइस eSIM के साथ कम्पैटिबल है या नहीं


1. [https://www.jio.com/en-in/esim](https://www.jio.com/en-in/esim) पर जाएँ




2. अपनी डिवाइस का मेक एंड मॉडल चुनें




3. कम्पेटिबिलिटी स्टेटस देखें




अब जब आप जानते हैं, आपकी डिवाइस जियो eSIM के साथ कम्पैटिबल है, तो अगले स्टेप पर चलते हैं


कृपया ध्यान दें कि यदि आपकी डिवाइस कम्पैटिबल नहीं है, तो आप फिज़िकल जियो सिम का उपयोग कर सकते हैं

# आइए देखें कि आपकी ईमेल आईडी आपके जियो नंबर के साथ रजिस्टर्ड है या नहीं


1. मायजियो ऐप खोलें




2. मेनू पर क्लिक करें





3. प्रोफाइल और सेटिंग्स पर टैप करें




4. प्रोफाइल पर टैप करें





5. ईमेल आईडी चेक करें




# यदि ईमेल आईडी रजिस्टर्ड नहीं है या गलत अपडेट की गयी है तो आप अपना सही ईमेल आईडी अपडेट कर सकते है सही ईमेल अपडेट करने के लिए


1. चेंज पर टैप करें





2. सही ईमेल आईडी दर्ज करें




3. नई ईमेल आईडी पर भेजा गया ओटीपी दर्ज करें और सबमिट करें




नई अपडेट की गयी ईमेल आईडी जांचे



चलिए अगले स्टेप पर चलते हैं

पहला स्टेप शुरू करने के लिए, आपके पास eSIM डिवाइस का EID नंबर और IMEI नंबर होना चाहिए, जिस पर आप अपनी जियो eSIM एक्टिव करना चाहते हैं।


हम आपको सुझाव देते हैं कि कृपया EID नंबर और IMEI नंबर लिख लें क्योंकि वे लंबे होते हैं और आपको इन्हे SMS के द्वारा भेजना होगा ।

# अपनी मोटोरोला डिवाइस पर EID नंबर और IMEI नंबर पता करने के लिए

1. Settings में जाएं और About Phone पर टैप करें


2. आपको IMEI (SIM Slot 2) फील्ड में 15 अंकों का नंबर मिलेगा, अब IMEI (SIM Slot 2) पर टैप करें।

3. आपको EID फ़ील्ड में 32 अंकों का EID नंबर मिलेगा, कृपया IMEI (SIM Slot 2) और EID नंबर लिखें










EID और IMEI नंबर लिखने के बाद, eSIM एक्टिवेशन शुरू करते हैं

कृपया ध्यान दें, आपको अपने डिवाइस पर eSIM को एक्टिव करने के लिए सभी स्टेप्स को पूरा करना अनिवार्य होगा। कृपया कोई भी स्टेप न छोड़ें।

और सुनिश्चित करें कि इस प्रक्रिया के दौरान आपकी eSIM मोटोरोला डिवाइस वाई-फाई या मोबाइल हॉटस्पॉट के ज़रिये इंटरनेट से जुडी है।





# स्टेप 1

1. अपने मोबाइल में मैसेज खोले


2. टाइप करें GETESIM <स्पेस> <32 अंको का EID> <स्पेस> <15 अंको का IMEI> और जिस जियो नंबर को आप eSIM में अपग्रेड करना चाहते हैं, उससे 199 पर SMS भेजें।

यदि आपको अपनी ईमेल आईडी अपडेट करने के लिए जवाब में SMS मिलता है, तो कृपया अपने जिओ नंबर अकाउंट में अपनी ईमेल आईडी अपडेट करें जैसा कि दिशा निर्देशों में शुरुआत में बताया गया है

19 अंकों का eSIM नंबर





eSIM एक्टिवेशन विवरण




- 199 पर सही EID और IMEI नंबर भेजने पर, आपको अपने जियो नंबर पर SMS के ज़रिये 19 अंकों का eSIM नंबर और एक्टिवेशन कोड प्राप्त होगा। कृपया ध्यान दें यह जानकारी आपके रजिस्टर्ड ईमेल आईडी पर भी भेजा जाएगा।

- यदि आपको सही EID और IMEI नंबर भेजने के लिए SMS या ईमेल मिलता है, तो कृपया अपने द्वारा भेजे गए EID और IMEI को फिर से जांचे।




# स्टेप 2

1. अगले स्टेप के लिए आपके जियो नंबर पर भेजे गए SMS से 19 अंकों का eSIM नंबर कॉपी कर ले

2. अपने मोबाइल में मैसेज खोले


3. टाइप करें SIMCHG <स्पेस> <19 अंकों का eSIM नंबर पेस्ट करें या दर्ज करें> और 199 पर भेजें

सही eSIM SMS भेजने पर, आपको एक कन्फर्मेशन SMS और ईमेल प्राप्त होगा

अगर आपको सही eSIM नंबर भेजने के लिए एक SMS और ईमेल मिलता है, तो कृपया eSIM नंबर को फिर से जांचे और 199 पर SMS भेजें

19 अंकों का eSIM नंबर भेजने के बाद, आपके eSIM अनुरोध को प्रोसेस करने में २ घंटे का समय लगता है, तब तक आपको प्रतीक्षा करनी होगी

2 घंटे के बाद, आपको हमारी ओर से एक SMS और ईमेल प्राप्त होगा जिसमें आपके eSIM अनुरोध को प्रोसेस करने के लिए आपकी सहमति SMS के जरिये मांगी जाएगी




# स्टेप 3

1. अपने मोबाइल में मैसेज खोले


2. 1 टाइप करें और 183 पर भेजें

3. SMS के जरिये आपकी सहमति भेजने पर, आपको एक कन्फर्मेशन SMS और ईमेल प्राप्त होगा

अगर आप किसी भी कारण से अपना eSIM रिक्वेस्ट रद्द करना चाहते हैं तो

2 टाइप करें और 183 पर भेजें

# स्टेप 4





1. आपकी सहमति भेजने के 10 मिनट के अंदर, आपको अपने जियो नंबर पर +912235072222 से एक IVR कॉल प्राप्त होगी जिसमें आपके eSIM अनुरोध को प्रोसेस करने के लिए आपकी सहमति के बारे में पूछा जायेगा, आपकी सहमति देने के लिए कृपया IVR पर 1 दर्ज करे।

2. IVR पर आपकी सहमति सफलतापूर्वक देने के बाद, आपको एक कन्फर्मेशन SMS और ईमेल भेजा जाएगा।

यदि आपने IVR कॉल मिस कर दिया है या आपकी सहमति देने से पहले कॉल डिस्कनेक्ट कर दिया हो, तो चिंता न करें, आपको सुबह 9 बजे से रात 9 बजे के बीच 3 घंटे के अंदर पुनः कॉल प्राप्त होगी।

यदि आपको कंसेंट SMS भेजने के 10 मिनट के अंदर पहली IVR कॉल नहीं मिलती, तो हमारा सुझाव है कि आप अपनी मिस्ड कॉल सूची की जांच करें क्योंकि ऐसा हो सकता है की आपने कॉल का जवाब यह सोचकर ना दिया हो कि यह एक स्पेम कॉल है । कृपया जांचें की आपने कोई फोन डायलर या किसी थर्ड पार्टी ऐप्स के माध्यम से आपने कॉल ब्लॉकिंग चालू नहीं किया हो ।




जैसे ही आपको यह SMS मिलेगा, आपकी मौजूदा सिम काम करना बंद कर देगी और आपका फोन 'नो नेटवर्क' दिखाएगा।

अब आप अपनी  नए eSIM को एक्टिव करने से केवल एक कदम दूर हैं।

कृपया सुनिश्चित करें कि इस प्रक्रिया के दौरान आपकी मोटोरोला डिवाइस वाई-फाई या मोबाइल हॉटस्पॉट द्वारा इंटरनेट से जुडी है।

एक्टिवेशन प्रक्रिया को पूरा करने के लिए, आपको एक्टिवेशन कोड का उपयोग करके अपनी मोटोरोला डिवाइस पर eSIM प्रोफ़ाइल को कॉन्फ़िगर करना होगा।


# स्टेप 5


## eSIM प्रोफाइल को कॉन्फ़िगर करने के लिए


सेटिंग्स में जाएं और Network & Internet चुनें

Mobile Network पर टैप करें

Next पर टैप करें









कृपया ध्यान दें: मोटोरोला RZAR डिवाइस के लिए, मोबाइल नेटवर्क चुनने के बाद, Advance Option पर क्लिक करें >> Carrier पर टैप करें >> फिर "Next" पर क्लिक करें।

यहां दिखाए गए चित्र केवल उदाहरण के उद्देश्यों के लिए हैं और डिवाइस ऑपरेटिंग सॉफ़्टवेयर के अपडेट के साथ बदल सकते हैं


अपनी डिवाइस पर अगली स्क्रीन देखने के लिए कृपया कुछ सेकंड प्रतीक्षा करें





एक्टिवेशन कोड दर्ज करने के लिए, “Need Help" पर टैप करें




“Enter It Manually" पर टैप करें





SMS के ज़रिये प्राप्त हुआ एक्टिवेशन कोड दर्ज करें जैसा कि नीचे दिखाया गया है





Enter in this format
**LPA:1$smdprd.jio.com$XXXXXXXX-XXXX-XXXX-XXXX-XXXXXXXXXXXX**

यहां दिखाए गए चित्र केवल उदहारण के उद्देश्यों के लिए हैं और डिवाइस ऑपरेटिंग सॉफ़्टवेयर के अपडेट के साथ बदल सकते हैं


एक्टिवेशन कोड दर्ज करने के बाद, “Activate" पर टैप करें





कृपया eSIM एक्टिवेशन पूरा होने की प्रतीक्षा करें





एक बार एक्टिवेशन पूरा हो जाने के बाद, “Done" पर टैप करें




जियो eSIM सफलतापूर्वक एक्टिवेट जाने के बाद मोबाइल नेटवर्क के अंदर दिखाई देगा




यहां दिखाए गए चित्र केवल उदहारण के उद्देश्यों के लिए हैं और डिवाइस ऑपरेटिंग सॉफ़्टवेयर के अपडेट के साथ बदल सकते हैं





प्लान के जुड़ जाने के बाद,
जियो eSIM सफलतापूर्वक एक्टिवेट हो जाने के बाद सिम कार्ड मैनेजर के अंदर दिखाई देगा।

eSIM प्रोफाइल एक्टिवेशन में किसी भी सहायता के लिए, कृपया हमें किसी भी जियो नंबर से 199 पर कॉल करें या नॉन जियो नंबर से 18008899999 पर कॉल करें।

**कृपया ध्यान दें:**

**रेग्युलेटरी गाइडलाइन्स के अनुसार eSIM अपग्रेड के बाद 24 घंटे तक आपके जियो नंबर पर SMS सेवायें उपलब्ध नहीं होंगी**




# महत्वपूर्ण जानकारी

कृपया जियो ESIM को Delete ना करें क्योंकि यह आपकी eSIM प्रोफ़ाइल को हमेशा के लिए हटा देगा और आप किसी भी जियो सेवाओं का उपयोग नहीं कर पाएंगे।

यदि आपने अनजाने में eSIM प्रोफाइल Delete कर दिया है तो कृपया एक नई eSIM रिक्वेस्ट के लिए अपनी मोटोरोला डिवाइस और अपने पहचान के प्रमाण के साथ निकटतम जियो स्टोर पर जाएँ।
हमें खेद है, इस स्थिति में SMS प्रक्रिया का उपयोग करके नए eSIM को एक्टिवेशन करना संभव नहीं होगा।

# धन्यवाद!